मुझे एक बार तो बाबा तेरी गोदी में सोने दे

मुझे एक बार तो बाबा तेरी गोदी में सोने दे,
ये दिल भर आया है मेरा मुझे जी भर के जीने दे,
मुझे एक बार तो बाबा..........

गमो का भोज ये दिल पर उठाया मुझसे ना जाये,
कहु किस से कोई अपना नजर भी तो नहीं आये,
सुकून मिल जायेगा दिल को तेरे आगे तो कहने दे,
ये दिल भर आया है मेरा मुझे जी भर के जीने दे,
मुझे एक बार तो बाबा..........

मेरे अरमान जीवन ले रखे दिल में दबा करके,
रखे पलको के निचे है,
कई सावन छिपा कर के,
बरसती इन घटाओ से तेरे चरणों को धोने दे,
ये दिल भर आया है मेरा मुझे जी भर के जीने दे,
मुझे एक बार तो बाबा..........

खजाने ही हीरे मोती के नहीं मैं माँग ता दानी,
गले अपने लगा ले तू तेरी होगी मेहरबानी,
तुम्हारे प्यार में सोनू छिपे सब सुख ज़माने के,
ये दिल भर आया है मेरा मुझे जी भर के जीने दे,
मुझे एक बार तो बाबा..........

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/5066/title/mujhe-ek-baar-to-baba-teri-godi-me-sone-de-ye-dil-bhar-aaya-hai-mera-mujhe-jee-bhar-ke-jeene-de

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |